सत्यमेव जयते

श्री कलराज मिश्र

माननीय राज्यपाल, राजस्थान का उद्‌बोधन

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस समारोह

दिनांक 15 फरवरी, 2020 **समय सांय 04 .00 बजे**

स्थान – मालवीय सभागार,लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल माननीय श्री राम नाईक जी, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री माननीय श्री दिनेश शर्मा जी, उत्तर प्रदेश के माननीय विधानसभा अध्यक्ष श्री हृदय नारायण दीक्षित जी, महापौर उत्तर प्रदेश, श्रीमती संयुक्त भाटिया जी, उत्तर प्रदेश के मंत्री श्री ब्रजेश पाठक जी, प्रदेश संगठन महामंत्री, उत्तर प्रदेश, श्री सुनील बंसल जी, अध्यक्ष नागरिक परिषद, उत्तर प्रदेश, श्री श्याम कुमार जी, वरिष्ठ राजनेता, डॉ. अम्मार रिजवी जी, भाइयो, बहनो, पत्रकार बन्धुओ और छायाकार मित्रो।

उत्तर प्रदेश के इतिहास को जानने वाले इसके जन्म की रोचक गाथा बताते हैं। मुगलकाल के दौरान देश में अलग–अलग राजाओं के राज्य थे। मुगलों ने आक्रमण कर इन पर अपना कब्जा किया। इन राज्यों या सूबों में अलग–अलग शासक थे जो मुगल बादशाह के अधीन थे। अकबर ने जब राज्य संभाला तो कुछ वर्षों के लिए आगरा के पास फतेहपुर सीकरी को अपनी राजधानी बनाया।

फिर प्रयागराज का नाम बदलकर अल्लाहाबाद कर दिया और 1583 में इसे अपनी राजधानी बना लिया। परतंत्र काल से स्वतंत्र काल तक बदले नाम बदली राजधानी महिला डिग्री कॉलेज के सांख्यिकी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष व इतिहास के जानकार अमित पुरी बताते हैं कि नवाबों के काल में अवध के नवाब सआदत अली खां ने अयोध्या को अपना निवास बनाया और फैजाबाद नाम के एक नए शहर का गठन कर उसे अवध की राजधानी घोषित कर दिया। इसके बाद अंग्रेज आए और उन्होंने सत्ता पर कब्जा किया तो राज्यों का पुनर्गठन करते हुए संयुक्त प्रांत आगरा–अवध करते हुए इलाहाबाद को फिर राजधानी कर दिया।

वर्ष 1834 तक तो इलाहाबाद ही राजधानी रही, लेकिन 1834 में आगरा राजधानी कर दिया गया और प्रांत का नाम उत्तर–पश्चिम प्रांत कर दिया। पर, 1858 में तत्कालीन वायसराय लार्ड कैनिंग ने इलाहाबाद को फिर राजधानी बना

दिया। इसी के साथ 1877 में प्रांत का नाम संयुक्त प्रांत आगरा एवं अवध कर दिया। पर, स्वाधीनता की लड़ाई के दौरान जब भारतवासियों के सघर्ष के सामने झुकते हुए अंग्रेजों ने सशर्त सरकार बनाने पर सहमति दी तो राज्य का नाम संयुक्त प्रांत कर दिया। वर्ष 1921 तक इलाहाबाद ही राजधानी रही लेकिन 1921 में लखनऊ को राजधानी बना दिया गया।

उत्तर प्रदेश उत्तर भारत का एक राज्य है। यह लगभग 20 करोड़ से अधिक निवासियों के साथ, यह भारत में सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य है। साथ ही दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाला उपखंड है। यह 1 अप्रैल 1937 को ब्रिटिश शासन के दौरान संयुक्त प्रांत आगरा व अवध के रूप में स्थापित किया गया था।

ब्रिटिश शासनकाल में इसे यूनाइटेड प्रोविन्स कहा जाता था जो कि 1950 में बदलकर उत्तर प्रदेश हो गया। इस तरह सामान्य बोलचाल में यू.पी. कहे जाने वाले प्रांत का अधिकारिक नाम बदलने के बाद भी संक्षिप्त नाम अपरिवर्तित ही रहा। राज्य की प्रशासनिक व विधायिक राजधानी लखनऊ, और न्यायिक राजधानी इलाहाबाद है, और प्रशासनिक कारणों से इसे 18 मंडलों और 75 जिलों में विभाजित किया गया है। 9 नवंबर 2000 को, एक नया राज्य, उत्तराखंड, राज्य के हिमालयी पहाड़ी क्षेत्र से बनाया गया था। राज्य की दो प्रमुख नदियाँ, गंगा और यमुना, प्रयागराज में मिलती हैं और फिर आगे गंगा के रूप में बहती हैं। हिंदी राज्य में सबसे व्यापक रूप से बोली जाने वाली भाषा है, और राज्य की आधिकारिक भाषा भी है।

उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा (जनसंख्या के आधार पर) राज्य है। राज्य के उत्तर में उत्तराखण्ड तथा हिमाचल प्रदेश, पश्चिम में हरियाणा, दिल्ली तथा राजस्थान, दक्षिण में मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ और पूर्व में बिहार तथा झारखंड राज्य स्थित हैं। इनके अतिरिक्त राज्य की की पूर्वोत्तर दिशा में नेपाल देश है।

9 नवम्बर सन् २००० में भारतीय संसद ने उत्तर प्रदेश के उत्तर पश्चिमी (मुख्यतः पहाड़ी) भाग से उत्तरांचल (वर्तमान में उत्तराखंड) राज्य का निर्माण किया। उत्तर प्रदेश का अधिकतर हिस्सा सघन आबादी वाले गंगा और यमुना। विश्व में केवल चार राष्ट्र चीन, स्वयं भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, इंडोनिशिया की जनसंख्या उत्तर प्रदेश की जनसंख्या से अधिक है। जबकि ब्राजील की जनसंख्या के लगभग बराबर है।

उत्तर प्रदेश भारत के उत्तर में स्थित है। यह राज्य उत्तर में नेपाल को छूता है, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ है। यह राज्य 2,40,928 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल में फैला हुआ है। यहाँ का मुख्य न्यायालय प्रयागराज में है।

यहाँ के मुख्य शहर इटावा, कानपुर, हरदोई हमीरपुर, चित्रकूट, एटा, जालौन, नोएडा ललितपुर,सीतापुर लखीमपुर खीरी, वाराणसी, प्रयागराज, जौनपुर, मेरठ, गोरखपुर, नोएडा,बुलंदशहर मथुरा, मुरादाबाद, गाजियाबाद, अलीगढ़, सुल्तानपुर, अयोध्या, बरेली, आजमगढ़, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, गोंडा यहाँ के मुख्य शहर हैं।

उत्तर प्रदेश के सभी नागरिकों को मैं बधाई देता हूँ। इस समारोह की सफलता के लिए शुभकामना करता हूँ।

धन्यवाद। जयहिन्द।